# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत 494001

**Bastar Vishwavidyalaya, Jagdalpur**

(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005, Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in


# कार्यपरिषद

## की 13 बैठक दिनांक 07.01.2015 के

# कार्यवृत्त

- विषय सूची
- कार्यवाही विवरण
- विषय/विभागीय टीप से संबंधित संलग्न समस्त दस्तावेज सहित

**07.01.2015**

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की 13वीं बैठक दिनांक 07.01.2015 हेतु विषय सूची :–

**(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 24)**

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यपरिषद की बारहवीं बैठक दिनांक 09.08.2014 को सम्पन्न हुई थी। किये गये व्यय एवं अन्य आवश्यक कार्यों के निर्णयों हेतु बैठक आहूत की जा रही है। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाना है :–

विषय क्रमांक –1

कार्य–परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

विषय क्रमांक –2

दिनांक 06.01.2015 को आयोजित विद्या परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन।

विषय क्रमांक –3

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा विज्ञापित तृतीय एवं चतुर्थ के वर्ग पदों पर सीधी भर्ती संबंधी प्रस्ताव।

विषय क्रमांक –4

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के छात्रसंघ अध्यक्ष, श्री विक्की कुमार साहू के द्वारा छात्र हित में विभिन्न मांग संबंधी प्रस्ताव।

विभागीय टीप :–

छात्रसंघ अध्यक्ष, श्री विक्की कुमार साहू, बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के द्वारा पत्र क्रमांक 01, दिनांक 24.11.2014 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए उनके सर्वागीण विकास के लिए हुआ है। इस संबंध में निम्न बिन्दुओं के आधार पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं छात्रसंघ के द्वारा विश्वविद्यालय के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है जो संलग्न है।

विषय क्रमांक –5

राशि रू. 1.00 लाख से अधिक भुगतान संबंधी प्रकरण कार्यपरिषद में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। (पत्र संलग्न)

विभागीय टीप :–

वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत सूची की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

विषय क्रमांक – 6

डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण तथा देय लंबित एरियर्स भुगतान के संबंध में प्रकरण विचारार्थ।

विभागीय टीप :–

डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण तथा देय लंबित एरियर्स भुगतान के संबंध में स्थापना शाखा से प्राप्त जानकारी संलग्न है, भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक –7

डिग्री बाक्स प्रिंटिंग देयक संबंधी सिक्योरिटी प्रेस, सतना, प्रकरण एवं भुगतान की गई राशि का विवरण मान. कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ।

विभागीय टीप :–

जानकारी पटल पर रखा जायेगा।

विषय क्रमांक –8

भवन समिति के गठन संबंधी प्रकरण अनुमोदनार्थ रखा जावे।

विभागीय टीप :–

परिनियम के प्रावधानानुसार गठन संबंधी अधिसूचना संलग्न है, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –9

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा निर्मित कुलपति निवास एवं कुलसचिव निवास से संबंधित प्रकरण, हस्तांतरण आदि संबंधी विचारार्थ।

विभागीय टीप :–

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा निर्मित कुलपति निवास/कुलसचिव निवास तथा चार दीवारी एवं अकादमिक भवन प्रथम तल विश्वविद्यालय को हस्तांतरित करने के लिए इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1961, दिनांक 06.12.2014 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 2105, दिनांक 23.12.2014 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। जिस संबंध में किसी प्रकार का प्रतिउत्तर आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है।

विषय क्रमांक :— 10

गोदरेज फर्नीचर क्रय उपरांत भुगतान संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु रखा जावे।

विभागीय टीप :—

गोदरेज फर्नीचर क्रय उपरांत देयक भुगतान संबंधी मूल नस्ती कुलपति कार्यालय को दिनांक ............ को अंतिम बार प्रेषित किया गया है। भुगतान संबंधी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक :— 11

बार कौंसिल ऑफ इण्डिया से एल.एल.बी. विषय की मान्यता के संबंध में प्रकरण विचारार्थ रखा जावे।

विभागीय टीप :—

स्थापना शाखा से मूलनस्ती के अनुसार किये गये पत्र व्यवहार संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 12

बस्तर विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक मजदूरों के द्वारा दिनांक 01/12/2014 को नियमितिकरण की मांग के सम्बंध में किए गए हड़ताल के सम्बंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का पत्र संलग्न प्रस्तुत।

विषय क्रमांक :— 13

बी.एड. एवं तीन नवीन विषयों से संबंधित विज्ञापन जारी करने संबंधी एवं शासन से अनुमति संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु।

विभागीय टीप :—

बी.एड. एवं तीन नवीन विषयों से संबंधित विज्ञापन जारी करने संबंधी शासन से अनुमति हेतु प्रेषित पत्र की प्रति संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 14

प्रशासनिक भवन के प्रथम तल निर्माण एवं भू—तल के भीतरी भागो में रंगाई पोताई तथा अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :–

प्रशासनिक भवन के प्रथम तल निर्माण कार्य हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया है (पत्र संलग्न है) एवं अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण कार्य के लिए कार्यपरिषद के स्वीकृति अनुसार राशि रू. 13.50 लाख छ.ग.गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को दिनांक 07.08.2014 को डिपाजिट वर्क के रूप में हस्तांतरित किया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1423, दिनांक 25.08.2014 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 1804, दिनांक 14.11.2014 को कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को पत्र प्रेषित किया गया है।

विषय क्रमांक :– 15

पी.जी.डी.सी.ए. / बी.बी.ए. में प्रश्न पत्र में हुई त्रुटियों के संबंध में प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विभागीय टीप :–

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक :– 16

बायोटेक्नोलॉजी अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष श्री मुनिष बर्मन के विरूद्ध किये गये शिकायत संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विभागीय टीप :–

परीक्षा विभाग से प्राप्त पत्र संलग्न है।

विषय क्रमांक :– 17

कुलपति कार्यालय और कुलपति निवास के लिए विभिन्न सामग्री की आवश्यकता संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :–

कुलपति के स्टेनो द्वारा सामग्री की आवश्यकता संबंधी पत्र संलग्न है।

विषय क्रमांक :– 18

पी.एच.डी. संबंधी अध्यादेश के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :–

पी.एच.डी. समन्वयक द्वारा प्राप्त जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 19

शिक्षकीय पदों की पूर्ति संबंधी साक्षात्कार से पूर्व जनवरी 2015 में मान. उच्च न्यायालय में केव्हियेट दायर करने एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के रिवाईज्ड आर्डिनेन्स –04 को अंगीकृत करने एवं राशि रू.7 लाख एडवांस के संबंध में।

विभागीय टीप :—

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षकीय पदों की भर्ती रिवाईज्ड आर्डिनेन्स –04 को अंगीकृत किया जाना है। आर्डिनेन्स –04 प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक :— 20

विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष के बैठक व्यवस्था हेतु कक्ष का आबंटन के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

छात्रसंघ से प्राप्त पत्र एवं कार्यवाही के संबंध में छात्रसंघ प्रभारी द्वारा जानकारी संलग्न कर प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक :— 21

द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजन के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

प्रथम दीक्षांत समरोह दिनांक 11.02.2013 को सम्पन्न हुई थी। परिनियम के प्रावधानुसार आयोजन किया जाना है। आयोजन की तैयारी के लिए लगभग 02 माह का समय लगेगा।

विषय क्रमांक :— 22

राजभवन सचिवालय, रायपुर से प्राप्त पत्र श्रद्धेय लाला जगदलपुरी को मानद उपाधि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव/पत्र अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

पत्र प्रस्तुत।

विषय क्रमांक :— 23

करंजी स्थित 200 एकड़ भूमि आबंटन के संबंध में एवं DGPS सर्वे के संबंध में प्रकरण विचारार्थ समस्त नस्तियों सहित।

8

विभागीय टीप :—

करंजी स्थित 200 एकड़ भूमि आबंटन के संबंध में एवं DGPS सर्वे के संबंध में मूल नस्ती प्रस्तुत।

विषय क्रमांक :— 24

शैक्षणिक सत्र 2013 – 14 के गोपनीय कार्यों से संबंधित किये गये भुगतानों, परीक्षा कार्यों हेतु दिये गये अग्रिम एवं उनका समायोजन से संबंधित समस्त विवरण कार्यपरिषद के सूचनार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

वित्त विभाग से प्राप्त विस्तृत जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक:— 25

श्री अनिल प्रसाद बंडेला का पत्र क्रमांक 343, दिनांक 30.12.2014 पेपर सेटिंग एवं व्हायवा से संबंधित पारिश्रमिक में छत्तीसगढ़ के अन्य विश्वविद्यालयों के समान दर भुगतान करने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। प्राप्त पत्र विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

श्री अनिल प्रसाद बंडेला के पत्र विचारार्थ प्रस्तुत (संलग्न पत्र)

विषय क्रमांक :— 26

पी.एच.डी. करा रहे समन्यवकों का मानदेय मासिक रूपये 2000/— की दर से भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप :—

पीएच.डी. करा रहे समन्यवकों का मानदेय भुगतान संबंधी जानकारी वित्त विभाग द्वारा प्रेषित जानकारी प्रस्तुत है।

विषय क्रमांक :— 27

बढ़े हुए परीक्षा फीस पर पुनर्विचार।

विभागीय टीप :—

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 28

विश्वविद्यालय के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों से शासकीय महाविद्यालयों द्वारा लिये जाने वाले जनभागीदारी शुल्क न लेने के संबंध में। जबकि जनभागीदारी शुल्क विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा में छात्रों की बैठक व्यवस्था आदि का हिस्सा नहीं है, छात्रसंघ अध्यक्ष का पत्र दिनांक 03.12.2014 विचारार्थ एवं निर्णय हेतु।

विभागीय टीप :—

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 29

वेबसाइड के अपडेशन के संबंध में।

विभागीय टीप :—

वेबसाइड के अपडेशन के प्रभारी कर्मचारी द्वारा प्राप्त जानकारी संलग्न है।

विषय क्रमांक :— 30

विभिन्न अध्ययनशालाओं के लैब उपकरणों /केमिकल के संबंध में।

विभागीय टीप :—

अध्ययनशालाओं के लैब उपकरणों /केमिकल क्रय संबंधी प्रस्ताव क्रय समिति के समक्ष रखा गया था जिस पर अनुमोदन पूर्व कुलपति द्वारा निविदा के आदेश दिये गये थे। निविदा प्रारूप तैयार करने हेतु विभागाध्यक्षों की समिति गठित किया गया है। जिसके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया है तथा वर्तमान में आदर्श आचार संहिता होने के कारण कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

विषय क्रमांक :— 31

विश्वविद्यालय ग्रंथालय विस्तार किये जाने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

सहायक ग्रंथपाल द्वारा प्रेषित पत्र संलग्न है। शासन का अनुदान स्वीकृति पत्र संलग्न है। प्रकरण आगामी भवन निर्माण समिति में रखा जाना है।

कुलसचिव

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA JAGDALPUR
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229226, www.bvvjdp.ac.in

कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07.01.2015 में कुलपति की अनुमति से अन्य विषय

# टेबल एजेण्डा

01. छ.ग. संवाद, रायपुर से प्राप्त 02 देयक की राशि रूपये 98656/– के भुगतान के संबंध में।

**विभागीय टीप** –छ.ग. संवाद, रायपुर का देयक क्र. 5347, दिनांक 31.12.2014 के अनुसार विश्वविालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में आंशिक संशोधन सूचना (शुद्धिपत्र) इस कार्यालय के पत्र क्र. 2060/ब.वि.वि./2012/जगदलपुर 07.12.2012 के द्वारा तथा पत्र क्र. 2095/ब.वि.वि./2012/जगदलपुर, दिनांक 12.12.2012 के द्वारा उपाधि मुद्रण हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना का विज्ञापन दैनिक समाचार पत्रों में छ.ग. संवाद के माध्यम से प्रकाशित कराया गया था, जिसकी कुल दो देयक राशि रूपये 98656.00 मात्र भुगतान हेतु प्राप्त हुआ है। चूंकि देयक विलंब से प्राप्त हुआ है, अतः देयक भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण प्रस्तुत।

02. विश्वविद्यालयों की समस्त फाईयों/नस्तियों को सुव्यवस्थित एवं समस्त नस्तियों पंजीयन (क्रमांक, दिनांक आदि) अनिवार्य रूप से करने के संबंध में।

**विभागीय टीप** –कुलपति द्वारा प्रायः यह देखा गया है कि विश्वविद्यालय के अधिकांश फाईलों में प्रोपर नंबरिंग, पृष्ठ क्रमांक आदि अंकित नहीं होता है तथा फाईलें अस्त–व्यस्त रहती हैं। इसके पूर्व भी कुलसचिव को सभी नस्तीयों में और पत्रों में अनुक्रमांक बढ़ते हुए क्रम में उल्लेख किये जाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। अतः प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

03. विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन/अकादमिक भवन के मुख्य द्वार, गलियारों आदि में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के संबंध में।

**विभागीय टीप** –बस्तर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन/अकादमिक भवन में सतत् निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिये मुख्य द्वार, गलियारों आदि में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

04. परीक्षा मद से तीन नये वाहन क्रय करने के संबंध में।

**विभागीय टीप** –डी.जी.एस.एण्ड डी. दर पर निर्धारित बोलेरो XL माडल का 01 वाहन क्रय करने हेतु निर्माता कंपनी M/s Mahindra & Mahindra Ltd Mumbai को पत्र क्र. 1967, दिनांक 06.12.14 के द्वारा क्रयादेश प्रेषित किया गया है। तथा डी.जी.एस.एण्ड डी. दर पर निर्धारित मारूती सुजुकी Ciaz VXI माडल का 02 वाहन क्रय करने हेतु निर्माता कंपनी M/s Maruti Suzuki India Ltd New Delhi, को पत्र क्र. 1969, दिनांक 06.12.14 के द्वारा क्रयादेश प्रेषित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है:–

| S.No. | Details of vehicle | Price | Deptt. Charges | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CIAZ VXI (Petrol) + Pearl Snow White | 737817.26 | 2000.36 | **739817.62** |
| 2 | CIAZ VXI (Petrol) + Metallic Glistening Gray | 737817.26 | 2000.36 | **739817.62** |
| 3 | Bol XL 2wd 9 sitter BS3 NAC (Silver) | 560928 | 1515 | **562443** |
| | **Total** | **2036562.52** | **5515.72** | **2042078.24** |

अतः उपर्यक्तानुसार राशि रूपये 20,42,078.24 का डिमांड ड्राफ्ट प्रेषित किये जाने की स्वीकृति हेतु मान. कार्यपरिषद के समक्ष विचाराथ प्रस्तुत है।

05. ऑडिट रिपोर्ट के संबंध में।

06. अनुपयोगी / खाली टेलिफोन कनेक्शनों के संबंध में।

07. यू.जी.सी. की 2010 का रेग्यूलेशन (Minimum Qualifications & Appointment of Teachers etc.) अंगीगृत करना।

08. उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्र. 3454 / एफ1–15 / 2010 / 38–2, दिनांक 18.09.2012, बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. इन्दु अनन्त, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के सर्विस बुक के वेतन निर्धारण के अनुसार उनका देयक एरियर्स दिनांक 01.01.2006 से 01.07.2009 की अवधि का भुगतान की जा चुकी है। अतः भुगतान की गई राशि का अनुमोदनार्थ मान. कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /204 /अका./ब.वि.वि./2015 जगदलपुर, दिनांक 30/01/2015

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07.01.2015 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय श्री लखेश्वर बघेल,<br>विधायक, बस्तर (अ.ज.जा.) | सदस्य |
| 3. | माननीय श्री महेश गागड़ा,<br>विधायक, बीजापुर (अ.ज.जा.) | सदस्य |
| 4. | डॉ. एम.एल. लखनपाल, प्राचार्य<br>शास. नवीन महाविद्यालय, भानपुरी | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>विज्ञान/विधि संकाय |
| 5. | डॉ. जी.पी.खरे, प्राचार्य<br>शास. अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>ग्रामीण प्रौद्योगिकी |
| 6. | डॉ. सी.आर.पटेल, प्राचार्य,<br>शास. गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 7. | डॉ. डी.एन. मेहर, प्राचार्य,<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 8. | फादर टी.जे. पाल, प्राचार्य,<br>क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 9. | कुलसचिव<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |

**विषय क्रमांक –1**

कार्य–परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

निर्णय –

कार्य– परिषद के पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक –2

दिनांक 06.01.2015 को आयोजित विद्या परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन।

निर्णय –

विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 06.01.2015 में लिए गये निर्णय का अनुमोदन करते हुए विद्यापरिषद की टेबल एजेन्डा –4 पर विचार कर शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने की अनुशंसा की गई है एवं शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोततर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा से एक शिक्षक को परीक्षा कार्य के लिए आसंजित किया जाये तथा शासन को विश्वविद्यालय स्तर से एवं अतिरिक्त संचालक स्तर से शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़ में प्राचार्य एवं शिक्षक परीक्षा कार्य के लिए उपलब्ध कराये जाने संबंधी पत्र लिखा जाय तथा यह भी निर्णय लिया गया।

विषय क्रमांक –3

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा विज्ञापित तृतीय एवं चतुर्थ के वर्ग पदों पर सीधी भर्ती संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय –

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा विज्ञापित तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा स्थानीय निवासियों (बस्तर संभाग) को नियुक्ति दी जाये। नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाये। संभाग के बाहर के आवदनों को डी.डी. सहित वापस की जाये।

विषय क्रमांक –4

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के छात्रसंघ अध्यक्ष, श्री विक्की कुमार साहू के द्वारा छात्र हित में विभिन्न मांग संबंधी प्रस्ताव।

विभागीय टीप :–

छात्रसंघ अध्यक्ष, श्री विक्की कुमार साहू, बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के द्वारा पत्र क्रमांक 01, दिनांक 24.11.2014 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय की स्थापना बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए उनके सर्वागीण विकास के लिए हुआ है। इस संबंध में निम्न बिन्दुओं के आधार पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं छात्रसंघ के द्वारा विश्वविद्यालय के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है जो संलग्न है।

निर्णय –

छात्रसंघ अध्यक्ष के आवेदन पत्र से कार्यपरिषद अवगत हुई एवं शीघ्र कैन्टीन, पार्किंग, पीने की पानी की व्यवस्था एवं परिसर की साफ सफाई आदि कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक –5

राशि रू. 1.00 लाख से अधिक भुगतान संबंधी प्रकरण कार्यपरिषद में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। (पत्र संलग्न)

विभागीय टीप :–

वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत सूची की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णय –

राशि रू. 1.00 लाख से भुगतान संबंधी व्यय को कार्यपरिषद द्वारा कार्योत्तर अनुमोदित किया गया।

विषय क्रमांक – 6

डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण तथा देय लंबित एरियर्स भुगतान के संबंध में प्रकरण विचारार्थ।

विभागीय टीप :–

डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण तथा देय लंबित एरियर्स भुगतान के संबंध में स्थापना शाखा से प्राप्त जानकारी संलग्न है, भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय –

डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय के वेतन निर्धारण तथा देय लंबित एरियर्स भुगतान के संबंध में स्थापना शाखा से प्राप्त जानकारी से कार्यपरिषद अवगत हुई शासन के पत्र से कुलपति ने कार्यपरिषद को अवगत कराया। यह भी निर्णय लिया गया कि सेवा पुस्तिका में इंद्राज करायी जाये। कम – अधिक पूर्व में किये गये भुगतान का समायोजन किया जाये। कार्यपरिषद ने निर्णय लिया गया कि अन्डरटेकिंग लेकर बकाया सत्व का भुगतान कर दिया जाये एवं किये गये भुगतान का आडिट कराया जाये।

विषय क्रमांक –7

डिग्री बाक्स प्रिंटिंग देयक संबंधी सिक्योरिटी प्रेस, सतना, प्रकरण एवं भुगतान की गई राशि का विवरण मान. कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ।

विभागीय टीप :–

जानकारी पटल पर रखा जायेगा।

निर्णय –

डिग्री बाक्स प्रिंटिंग देयक संबंधी सिक्योरिटी प्रेस, सतना, न्यायलयीन प्रकरण थी एवं भुगतान की गई राशि का विवरण मान. कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई। भविष्य में भण्डार क्रय नियम का पालन करते हुए ही सामग्री क्रय की जाये। यह भी निर्देश कार्यपरिषद द्वारा दिया गया।

**विषय क्रमांक –8**

भवन समिति के गठन संबंधी प्रकरण अनुमोदनार्थ रखा जावे।

**विभागीय टीप :–**

परिनियम के प्रावधानानुसार गठन संबंधी अधिसूचना संलग्न है, अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय –

भवन समिति के गठन संबंधी प्रकरण का अनुमोदनार्थ किया गया। भवन समिति की बैठक दिनांक 05.01.2015 में लिये गये निर्णय का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –9**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा निर्मित कुलपति निवास एवं कुलसचिव निवास से संबंधित प्रकरण, हस्तांतरण आदि संबंधी विचारार्थ।

**विभागीय टीप :–**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा निर्मित कुलपति निवास/कुलसचिव निवास तथा चार दीवारी एवं अकादमिक भवन प्रथम तल विश्वविद्यालय को हस्तांतरित करने के लिए इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1961, दिनांक 06.12.2014 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 2105, दिनांक 23.12.2014 के द्वारा कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। जिस संबंध में किसी प्रकार का प्रतिउत्तर आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है।

निर्णय –

कार्यपरिषद को भवन हस्तांतरण संबंधी वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया विश्वविद्यालय द्वारा भवन हस्तांतरित करने हेतु की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। कार्यपरिषद ने आदेशित किया कि छ.ग.गृह निर्माण मंडल को पुनः हस्तांतरण के लिए स्मरण पत्र इस आशय का लिखा जाये। जिसमें उल्लेखित किया जाये कि भवनों को तत्काल हस्तांतरित किये जाने के निर्देश हो, पिछली कार्यपरिषद द्वारा गठित परीक्षण समिति से सम्पर्क कर आधिक्य निर्माण कार्य के संबंध में तत्काल रिपोर्ट ले।

**विषय क्रमांक :– 10**

गोदरेज फर्नीचर क्रय उपरांत भुगतान संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु रखा जावे।

**विभागीय टीप :–**

गोदरेज फर्नीचर क्रय उपरांत देयक भुगतान संबंधी मूल नस्ती कुलपति कार्यालय को दिनांक ............ को अंतिम बार प्रेषित किया गया है। भुगतान संबंधी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

गोदरेज फर्नीचर के देयकों का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई, भुगतान पूर्व क्रयादेश अनुसार सामग्री की विश्वविद्यालय में प्राप्ति एवं वित्तीय नियमों के अनुसार देयकों का परीक्षण भुगतान पूर्व करा लिया जाये। यह कि राशि रू. 4,35,673/– की सामाग्री क्रयादेश के अतिरिक्त सामाग्री प्राप्त हुई है। अतः आवश्यक कार्यवाही करें। सही सामाग्रियों की स्टॉक एन्ट्री की जाय।

**विषय क्रमांक :– 11**

बार कौंसिल ऑफ इण्डिया पूर्व से महाविद्यालय में संचालित एल.एल.बी. विषय की मान्यता के संबंध में प्रकरण विचारार्थ रखा जावे।

**विभागीय टीप :–**

स्थापना शाखा से मूलनस्ती के अनुसार किये गये पत्र व्यवहार संलग्न है।

**निर्णय –**

बार कौंसिल ऑफ इण्डिया से एल.एल.बी. विषय की मान्यता के लिए विश्वविद्यालय से पत्राचार किया जाये एवं व्यक्तिशः भेंटकर निरीक्षण के लिए आग्रह किया जाये।

**विषय क्रमांक :– 12**

बस्तर विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक मजदूरों के द्वारा दिनांक 01/12/2014 को नियमितिकरण की मांग के सम्बंध में किए गए हड़ताल के सम्बंध में प्रकरण कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का पत्र संलग्न प्रस्तुत।

**निर्णय –**

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पत्र से कार्यपरिषद अवगत हुई वर्तमान में कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

**विषय क्रमांक :— 13**

बी.एड. एवं तीन नवीन विषयों से संबंधित विज्ञापन जारी करने संबंधी एवं शासन से अनुमति संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु।

**विभागीय टीप :—**

बी.एड. एवं तीन नवीन विषयों से संबंधित विज्ञापन जारी करने संबंधी शासन से अनुमति हेतु प्रेषित पत्र की प्रति संलग्न है।

**निर्णय —**

बी.एड. एवं तीन नवीन विषयों से संबंधित विज्ञापन जारी करने की स्वीकृति कार्यपरिषद द्वारा प्रदान दिया गया एवं निर्देशित किया गया कि 45 दिनों के अंदर विज्ञापन निश्चित रूप से किया जाये। जिससे कि आगामी अकादमिक सत्र प्रभावित न हो।

**विषय क्रमांक :— 14**

प्रशासनिक भवन के प्रथम तल निर्माण एवं भू—तल के भीतरी भागो में रंगाई पोताई तथा अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

प्रशासनिक भवन के प्रथम तल निर्माण कार्य हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया है (पत्र संलग्न है) एवं अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण कार्य के लिए कार्यपरिषद के स्वीकृति अनुसार राशि रू. 13.50 लाख छ.ग.गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को दिनांक 07.08.2014 को डिपाजिट वर्क के रूप में हस्तांतरित किया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1423, दिनांक 25.08.2014 एवं स्मरण पत्र क्रमांक 1804, दिनांक 14.11.2014 को कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को पत्र प्रेषित किया गया है।

**निर्णय —**

अकादमिक भवन में ट्रांसपरेन्ट हॉल निर्माण का कार्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को दिया गया है जिसे शीघ्र सम्पन्न करने आदेशित किया जाय। तीन माह के अन्दर कार्य सम्पन्न न करने की स्थिति में डिपाजिट की गई राशि रू. 13.50 लाख के वापसी के लिए पत्र लिखा जाये।

प्रशासनिक भवन के प्रथम तल निर्माण के लिए अधोसंरचना मद में शेष बची राशि एवं परीक्षा मद से प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत तक की बचत राशि का वित्त विभाग से जानकारी प्राप्त कर राशि उपलब्धता की स्थिति में निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाये। जिससे कि आगामी सत्र के लिए नवीन विषयों के लिए शिक्षण कक्ष एवं शिक्षकों का चैम्बर को समुचित व्यवस्था हो सके।

विषय क्रमांक :— 15

पी.जी.डी.सी.ए./बी.बी.ए. में प्रश्न पत्र में हुई त्रुटियों के संबंध में प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

**निर्णय —**

पी.जी.डी.सी.ए./बी.बी.ए में प्रश्न पत्र में हुई त्रुटि संबंध में कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। अपितु बी.सी.ए. प्रथम एवं तृतीय प्रश्न पत्र में हुई त्रुटि के संबंध में परीक्षा परिणाम घोषणा के पूर्व निर्णय लिया जा चुका है। अतः अब कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

**विषय क्रमांक :— 16**

बायोटेक्नोलॉजी अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष श्री मुनिष बर्मन के विरूद्ध किये गये शिकायत संबंधी प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

परीक्षा विभाग से प्राप्त पत्र संलग्न है।

**निर्णय —**

बायोटेक्नोलॉजी अंतिम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष श्री मुनिष बर्मन के विरूद्ध किये गये शिकायत संबंधी आवेदन से कार्यपरिषद अवगत हुई।

**विषय क्रमांक :— 17**

कुलपति कार्यालय और कुलपति निवास के लिए विभिन्न सामग्री की आवश्यकता संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

कुलपति के स्टेनो द्वारा सामग्री की आवश्यकता संबंधी पत्र संलग्न है।

**निर्णय —**

कुलपति के स्टेनो द्वारा सामग्री की आवश्यकता संबंधी पत्र से कार्यपरिषद अवगत हुई। चाही गई सामग्री शीघ्र कर प्रदान की जाये।

**विषय क्रमांक :— 18**

पी.एच.डी. संबंधी अध्यादेश के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

पी.एच.डी. समन्वयक द्वारा प्राप्त जानकारी संलग्न है।

निर्णय —

पी.एच.डी. संबंधी अध्यादेश—45 जो कि कोआर्डिनेशन कमेटी की मिटिंग में दिनांक 29.04.2010 को पारित किया गया है, को कार्यपरिषद की बैठक में अंगीकृत किया गया।

**विषय क्रमांक :— 19**

शिक्षकीय पदों की पूर्ति संबंधी साक्षात्कार से पूर्व जनवरी 2015 में मान. उच्च न्यायालय में केव्हियेट दायर करने एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के रिवाईज्ड आर्डिनेन्स —04 को अंगीकृत करने एवं राशि रू.7 लाख एडवांस के संबंध में।

विभागीय टीप :—

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षकीय पदों की भर्ती रिवाईज्ड आर्डिनेन्स —04 को अंगीकृत किया जाना है। आर्डिनेन्स —04 प्रस्तुत है।

निर्णय —

शिक्षकीय पदों की पूर्ति संबंधी साक्षात्कार से पूर्व जनवरी 2015 में मान. उच्च न्यायालय में केव्हियेट दायर करने की स्वीकृति प्रदान की गई एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के शिक्षकीय पदों की भर्ती रिवाईज्ड आर्डिनेन्स —04 को अंगीकृत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई एवं भर्ती प्रक्रिया के लिए अग्रिम की स्वीकृति राशि रू. 7.00 लाख श्री विपिन कुमार गुप्ता, स्टेनो को दिया जाये साक्षात्कार का आयोजन कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के परिक्षेत्र में कराया जाये।

**विषय क्रमांक :— 20**

विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष के बैठक व्यवस्था हेतु कक्ष का आबंटन के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

छात्रसंघ से प्राप्त पत्र एवं कार्यवाही के संबंध में छात्रसंघ प्रभारी द्वारा जानकारी संलग्न कर प्रस्तुत है।

निर्णय —

विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष के बैठक व्यवस्था हेतु आबंटित कक्ष से कार्यपरिषद अवगत हुई। आबंटित कक्ष को पर्दे आदि से सुसज्जित करने का निर्देशित किया गया।

विषय क्रमांक :— 21

द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजन के संबंध में प्रकरण प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

प्रथम दीक्षांत समारोह दिनांक 11.02.2013 को सम्पन्न हुई थी। परिनियम के प्रावधानुसार आयोजन किया जाना है। आयोजन की तैयारी के लिए लगभग 02 माह का समय लगेगा।

निर्णय —

दीक्षांत समारोह आयोजन के संबंध में विद्यापरिषद बैठक में लिए गये निर्णय से कार्यपरिषद अवगत हुई।

विषय क्रमांक :— 22

राजभवन सचिवालय, रायपुर से प्राप्त पत्र श्रद्धेय लाला जगदलपुरी को मानद उपाधि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव/पत्र अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

पत्र प्रस्तुत।

निर्णय —

राजभवन सचिवालय, रायपुर से प्राप्त पत्र श्रद्धेय लाला जगदलपुरी को मानद उपाधि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के संबंध में विद्यापरिषद के बैठक में लिए गये निर्णय से अवगत हुई। तत्संबधी पत्र का उत्तर राजभवन को प्रेषित की जाय।

विषय क्रमांक :— 23

करंजी स्थित 200 एकड़ भूमि आबंटन के संबंध में एवं DGPS सर्वे के संबंध में प्रकरण विचारार्थ समस्त नस्तियों सहित।

विभागीय टीप :—

करंजी स्थित 200 एकड़ भूमि आबंटन के संबंध में एवं DGPS सर्वे के संबंध में मूल नस्ती प्रस्तुत।

निर्णय —

पूर्व में जारी किये निविदा से कार्यपरिषद में तत्काल दूसरी निविदा 15 दिवस के भीतर जारी करने निर्देश दिया गया।

विषय क्रमांक :— 24

शैक्षणिक सत्र 2013 — 14 के गोपनीय कार्यों से संबंधित किये गये भुगतानों, परीक्षा कार्यों हेतु दिये गये अग्रिम एवं उनका समायोजन से संबंधित समस्त विवरण कार्यपरिषद के सूचनार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

वित्त विभाग से प्राप्त विस्तृत जानकारी संलग्न है।

**निर्णय —**

वित्त विभाग द्वारा दी गई जानकारी से कार्यपरिषद अवगत हुई।

**विषय क्रमांक:— 25**

श्री अनिल प्रसाद बंडेला का पत्र क्रमांक 343, दिनांक 30.12.2014 पेपर सेटिंग एवं व्हायवा से संबंधित पारिश्रमिक में छत्तीसगढ़ के अन्य विश्वविद्यालयों के समान दर भुगतान करने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। प्राप्त पत्र विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

श्री अनिल प्रसाद बंडेला के पत्र विचारार्थ प्रस्तुत (संलग्न पत्र)

निर्णय —

राज्य के विश्वविद्यालयों में समन्वय समिति द्वारा पेपर सेटिंग एवं व्हायवा से संबंधित पारिश्रमिक लागू की गई है। अतः पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की जानी है।

विषय क्रमांक :— 26

पी.एच.डी. करा रहे समन्वयकों का मानदेय मासिक रूपये 2000/— की दर से भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप :—

पीएच.डी. करा रहे समन्वयकों का मानदेय भुगतान संबंधी जानकारी वित्त विभाग द्वारा प्रेषित जानकारी प्रस्तुत है।

निर्णय —

पी.एच.डी. करा रहे समन्वयकों का मानदेय मासिक रूपये 2000/— की दर से भुगतान के संबंध विचार किया गया। पी.एच.डी. मद में राशि की उपलब्धता एवं मानदेय दिये जाने की प्रावधान, आदि पर आगामी कार्यपरिषद की बैठक में प्रकरण पुनः प्रस्तुत किया जाये।

विषय क्रमांक :— 27

बढ़े हुए परीक्षा फीस पर पुनर्विचार।

**विभागीय टीप :-**

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

**निर्णय –**

अध्यादेशीय प्रावधानों के अनुसार अत्यंत आवश्यक होने पर निर्णय लिया गया था। अतः पुनर्विचार की आवश्यकता नहीं है।

**विषय क्रमांक :- 28**

विश्वविद्यालय के स्वाध्यायी परीक्षार्थियों से शासकीय महाविद्यालयों द्वारा लिये जाने वाले जनभागीदारी शुल्क न लेने के संबंध में। जबकि जनभागीदारी शुल्क विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा में छात्रों की बैठक व्यवस्था आदि का हिस्सा नहीं है, छात्रसंघ अध्यक्ष का पत्र दिनांक 03.12.2014 विचारार्थ एवं निर्णय हेतु।

**विभागीय टीप :-**

परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी संलग्न है।

**निर्णय –**

प्रकरण विश्वविद्यालय द्वारा लिये जा रहे परीक्षा शुल्क से संबंधित नहीं है। विश्वविद्यालय की परीक्षा शुल्क प्रपत्र में इसका कोई उल्लेख नहीं है, इसलिए कोई कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है। प्राप्त आवेदन को संबद्ध महाविद्यालय को उचित कार्यवाही के लिए भेज दिया जाये।

**विषय क्रमांक :- 29**

वेबसाइट के अपडेशन के संबंध में।

**विभागीय टीप :-**

वेबसाइट के अपडेशन के प्रभारी कर्मचारी द्वारा प्राप्त जानकारी संलग्न है।

**निर्णय –**

वेबसाइट के अपडेशन संबंधी कार्य तत्काल कराया जाये। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से वेबसाइट के अपडेशन संबंधी दरें प्राप्त कर उसी दर से विश्वविद्यालय का वेबसाइट अपग्रेड तत्काल करा लिया जाये।

**विषय क्रमांक :- 30**

विभिन्न अध्ययनशालाओं के लैब उपकरणों /केमिकल के संबंध में।

विभागीय टीप :—

अध्ययनशालाओं के लैब उपकरणों /केमिकल क्रय संबंधी प्रस्ताव क्रय समिति के समक्ष रखा गया था जिस पर अनुमोदन पूर्व कुलपति द्वारा निविदा के आदेश दिये गये थे। निविदा प्रारूप तैयार करने हेतु विभागाध्यक्षों की समिति गठित किया गया है। जिसके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया है तथा वर्तमान में आदर्श आचार संहिता होने के कारण कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

निर्णय —

अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों से एक माह के अन्दर सामग्री की आवश्यकता एवं उपकरणों के स्पेशिफिकेशन के आधार पर निविदा का ड्राफ्ट तैयार करने कहा जाये। चूंकि बजट सत्र समाप्ति पर है अतः यह सुनिश्चित किया जाय कि खरीदी वर्तमान सत्र में हो जाय जिससे अकादमिक कार्य प्रभावित न हो।

**विषय क्रमांक :— 31**

विश्वविद्यालय ग्रंथालय विस्तार किये जाने संबंधी प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

विभागीय टीप :—

सहायक ग्रंथपाल द्वारा प्रेषित पत्र संलग्न है। शासन का अनुदान स्वीकृति पत्र संलग्न है। प्रकरण आगामी भवन निर्माण समिति में रखा जाना है।

निर्णय —

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ग्रंथालय निर्माण के लिए प्राप्त अनुदान से ग्रंथालय निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये।

## कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07.01.2015 में कुलपति की अनुमति से अन्य टेबल एजेन्डा

**विषय क्रमांक — 1**

छ.ग. संवाद, रायपुर से प्राप्त 02 देयक की राशि रूपये 98656/— के भुगतान के संबंध में।

विभागीय टीप —

छ.ग. संवाद, रायपुर का देयक क्रमांक 5347, दिनांक 31.12.2014 के अनुसार विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में आंशिक संशोधन सूचना (शुद्धिपत्र) इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2060/ब.वि.वि./2012/जगदलपुर 07.12.2012 के द्वारा तथा पत्र क्र. 2095/ब.वि.वि./2012/जगदलपुर, दिनांक 12.12.2012 के द्वारा उपाधि मुद्रण हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना का विज्ञापन दैनिक समाचार पत्रों में छ.ग. संवाद के माध्यम से प्रकाशित कराया गया था, जिसकी कुल दो देयक राशि रू. 98656/— भुगतान हेतु प्राप्त है। चूंकि देयक विलंब से प्राप्त हुआ है, अतः देयक भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण प्रस्तुत।

निर्णय –

देयकों का भुगतान की आवश्यक कार्यवाही वित्त विभाग के माध्यम से किया जाये।

**विषय क्रमांक –2**

विश्वविद्यालयों की समस्त फाईलों/नस्तियों को सुव्यवस्थित एवं समस्त नस्तियों पंजीयन (क्रमांक, दिनांक आदि) अनिवार्य रूप से करने के संबंध में।

**विभागीय टीप –**

कुलपति द्वारा प्रायः यह देखा गया है कि विश्वविद्यालय के अधिकांश फाईलों में प्रोपर नंबरिंग, पृष्ठ क्रमांक आदि अंकित नहीं होता है तथा फाईलें अस्त –व्यस्त रहती है। इसके पूर्व भी कुलसचिव को सभी नस्तियों में और पत्रों में अनुक्रमांक बढ़ते हुए क्रम में उल्लेख किये जाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। अतः प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय –**

कर्मचारियों को समस्त फाइलों एवं नस्तियों को सुव्यवस्थित करने के लिए आदेशित किया जाये एवं कर्मचारियों को पुनः प्रशिक्षण दिया जाये।

**विषय क्रमांक –3**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन/अकादमिक भवन के मुख्य द्वार, गलियारों आदि में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के संबंध में ।

**विभागीय टीप –**

बस्तर विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन/अकादमिक भवन में सतत् निगरानी एवं मानिटरिंग के लिए मुख्य द्वार, गलियारों आदि में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय –**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन एवं अकादमिक भवन के मुख्य द्वार, गलियारों आदि में सी.सी. कैमरे टी.वी. लगाये जाने के लिए सर्वे कराया जाये एवं लगाने का ~~। किये गये सर्वे प्रस्ताव~~ कार्य पूर्ण कर ~~को~~ आगामी कार्यपरिषद की बैठक में सूचनार्थ प्रस्तुत करें।

**विषय क्रमांक –4**

परीक्षा मद से 03 नये वाहन क्रय करने के संबंध में।

विभागीय टीप –

डी.जी.एस.एण्ड डी. दर पर निर्धारित बोलेरों XL मॉडल का 01 वाहन क्रय करने हेतु निर्माता कम्पनी M/s Mahindra & Mahindra Ltd. Mumbai को पत्र क्रमांक 1967, दिनांक 06.12.2014 के द्वारा क्रयादेश प्रेषित किया गया है तथा डी.जी.एस.एण्ड डी. दर पर निर्धारित मारूति सुजुकी Ciaz VXI मॉडल का 02 वाहन क्रय करने हेतु निर्माता कम्पनी M/s Maruti Suzuki India Ltd. New Delhi, को पत्र क्रमांक 1969, दिनांक 06.12.2014 के द्वारा क्रयादेश प्रेषित किया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः–

| S.No | Details of vehicle | Price | Deptt. Charges | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CIAZ VXI+ (Petrol) Pearl Snow White | 737817.26 | 2000.36 | 739817.62 |
| 2 | CIAZ VXI+ (Petrol) Pearl Midnight Black | 737817.26 | 2000.36 | 739817.62 |
| 3 | Bol XL 2wd 9 Siter BS3 NAC (Silver) | 560928 | 1515 | 562443 |
| | Total | 2036562.52 | 5515.72 | 2042078.24 |

अतः उपर्युक्तानुसार राशि रू. 20,42,078,24 का डिमांड ड्राफ्ट प्रेषित किये जाने की स्वीकृति हेतु मान. कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय –

परीक्षा मद से तीन नये वाहन क्रय करने की स्वीकृति पूर्व में प्रदान कर दी गई थी। तीन वाहन डी.जी.एस.एण्ड डी. दर पर क्रयादेश जारी किये जा चुके हैं। इसकी सूचना कार्यपरिषद को दी गई राशि रू. 20,42,078,24/– का डिमांड ड्राफ्ट भेजे जाने का कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। शासन को सूचित किया जाय

विषय क्रमांक – 5

आडिट रिपोर्ट के संबंध में।

निर्णय –

आडिट रिपोट को अंगीकृत किया गया एवं आडिट शुल्क राशि रू. 405527/– भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान किया गया। कुलसचिव निराकरण की कार्यवाही शीघ्र करें।

विषय क्रमांक – 6

अनुपयोगी/ खाली टेलीफोन कनेक्शनों के संबंध में।

निर्णय –

अनुपयोगी/खाली टेलीफोन कनेक्शनों को बी.एस.एन.एल. कार्यालय को सरेन्डर कर दिया जाये।

विषय क्रमांक –7

यू.जी.सी. की 2010 का रेग्यूलेशन (Minimum Qualification & Appointment of Teachers etc.) अंगीकृत करना।

निर्णय –

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की तरह यू.जी.सी. की 2010 का रेग्यूलेशन (Minimum Qualification & Appointment of Teachers etc.) अंगीकृत किया गया।

विषय क्रमांक –8

उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 3454 / एफ 1–15 / 2010 / 38–2, दिनांक 18.09.2012, बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय के सर्विस बुक के वेतन निर्धारण के अनुसार उसका देयक एरियर्स दिनांक 01.01.2006 से 01.07.2009 की अवधि का भुगतान की जा चुकी है। अतः भुगतान की गई राशि का अनुमोदनार्थ मान. कार्यपरिषद के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णय –

उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 3454 / एफ 1–15 / 2010 / 38–2, दिनांक 18.09.2012, बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय के सर्विस बुक के वेतन निर्धारण के अनुसार उसका देयक एरियर्स दिनांक 01.01.2006 से 01.07.2009 की अवधि का भुगतान की जा चुकी है। अतः भुगतान की गई राशि का अनुमोदन किया गया।

कुलपति
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर